संख्या–cm-553
21/10/2023

# मुख्यमंत्री के समक्ष उद्योग विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग एवं पर्यटन विभाग की प्रस्तुति

पटना, 21 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष 1 अणे मार्ग स्थित 'नेक संवाद' में उद्योग विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग तथा पर्यटन विभाग ने अपने–अपने विभागों से संबंधित प्रस्तुति दी।

बैठक में उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संदीप पौंड्रिक ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार लॉजिस्टिक पॉलिसी–2023 के प्रारुप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस नीति में समाहित परियोजनाएं, प्रोत्साहन के लिए अनुदान आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार आई0टी0 नीति–2023 के प्रारुप के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पर्यटन विभाग के सचिव के रुप में भी श्री अभय कुमार सिंह ने बिहार पर्यटन नीति–2023 के प्रारुप के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। हमलोगों ने ऐसी पॉलिसी बनायी है कि यहां अधिक से अधिक निवेश हो सके। साथ ही यहां रोजगार के अवसर भी सृजित हों। हमलोगों का उद्देश्य है कि जो भी नीतियां बनायी जाए उससे निवेशकों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन मिले और यहां उन्हें उद्योग–धंधे स्थापित करने में किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हो। जो भी नीतियां बनायी गई हैं उसका अनुश्रवण और संचालन ठीक ढंग से करते रहें। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान भी हमलोगों ने बिहार के बाहर काम करनेवाले लोगों को यहां आकर अपना काम शुरु करने के लिए प्रोत्साहित किया। कई लोगों ने बिहार आकर अपना स्वरोजगार स्थापित किया। कई जगहों पर जाकर उन कार्यों को हमने देखा है। लोगों के हित में हमलोग लगातार काम कर रहे हैं।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संदीप पौंड्रिक, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सूचना प्रावैधिकी तथा पर्यटन विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह एवं उद्योग विभाग के निदेशक श्री पंकज दीक्षित उपस्थित थे।

******